# राजकीय कन्या महाविद्यालय, चित्तौडगढ

## रेंजरिंग समिति रिपोर्ट

## 2023-24

**16/09/2023: जिला स्तरीय स्वीप 2023 द्वारा विजय स्तम्भ स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की रेंजरिंग की छात्राओं ने उपस्थिति दी ।**






## 27/10/2023: मतदाता जागरूकता रैली में रेंजरिंग की छात्राएं उपस्थित रहीं ।






### कन्या कॉलेज में निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के लिए व्याख्यान हुआ

चित्तौड़गढ़ | गांधीनगर स्थित कन्या कॉलेज में निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के लिए व्याख्यान प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कुकड़ा की अध्यक्षता में नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ व प्लेसमेंट सेल के तहत हुआ। प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा ने बताया कि निशुल्क कोचिंग क्लासेस में छात्राएं आधिकाधिक भाग लेकर लाभान्वित हो सकेंगी। नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ अंजू चौहान ने बताया कि मुख्य वक्ता डॉ लोकेश शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन कर जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित करने की प्रेरणा दी। मंच संचालन रिंकी गुप्ता ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वीप प्रकोष्ठ व रेंजरिंग समिति के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिए नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। छात्राओं से संकल्प पत्र भरवाए गए।

**03/11/2023**: रेंजरिंग व मतदाता जागरूकता समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जानकारियां दी ।






दैनिक भास्कर 4/11/2023

# महिलाएं शत-प्रतिशत मतदान करें : शर्मा

## मिश्रो की पीपली व देवरी में मतदाता जागरुकता दल की बैठके हुई



भास्कर न्यूज़ | चित्तौड़गढ़

विधानसभा चुनाव में मतदान में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए विकास अधिकारी अभिषेक शर्मा ने मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत ओडूंद के राउप्रावि मिश्रों की पिपली एवं राउमावि देवरी में मतदाता जागरूकता दल की बैठक लीं। बीडीओ शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस दौरान रैली में मतदाता जागरूकता दल एवं छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता के नारे लगाए। घर-घर संपर्क कर मतदान का महत्व समझाया। सहायक विकास अधिकारी अरविंदकुमार तोतला, मोहम्मद आसिफ खान, धर्मवीर कोठारी, ग्राम विकास अधिकारी ज्योति कोठारी, महेश अहीर, कनिष्ठ सहायक ज्योति पंवार, रोजगार सहायक राजकुमार सोनी उपस्थित रहे। इधर कुंभानगर पुलिस लाइन स्थित दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में एमजीजीएस पुलिस लाइन की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, डॉ. रेनू सोमानी, स्वीप कार्यक्रम प्रभारी रेखा चौधरी, सहायक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शारदा शर्मा, प्रज्ञा जैन ने महिलाओं को मतदान का संकल्प दिलाया। नुक्कड़ नाटक व प्रश्नोत्तरी से अधिकाधिक मतदान की अपील की। विद्यालय के जयमाला व्यास, शांता सुखवाल, शांति शर्मा, सुनीता रोज, नीता सोमानी, पवित्र बाला मधुमती राठौड़, तमन्ना परवीन, राजेश मीणा, आशीष वैष्णव उपस्थित रहे। गांधीनगर स्थित राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में रासेयो, मतदाता जागरूकता समिति एवं रेंजरिंग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। बीएलओ राजेश दशोरा, पंकज दशोरा एवं सोनू पोरवाल ने छात्राओं को चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलवाई। एनएसएस व रेंजर छात्राओं ने अमृत वाटिका में खरपतवार हटाते हुए पौधों को पानी पिलाया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सीएल महावर, डॉ. लोकेश जसोरिया, रासेयो प्रभारी वर्षा सिखवाल, मतदाता जागरूकता एवं रेंजर समिति प्रभारी जयश्री कुदाल उपस्थित रहीं।

04/11/2023: रेंजरिंग आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे स्काउट गाइड सर्कल आर्गेनाइजर व सचिव ने छात्राओं को स्काउट गाइड सम्बंधित जानकारी दी ।






कार्यशाला • कन्या महाविद्यालय में रेंजरिंग आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# छात्राओं को दी कम्यूनिटी डवलपमेंट सहित कौशल विकास गतिविधियों की जानकारी

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा की अध्यक्षता में रेंजरिंग समिति के तत्वावधान में आमुखीकरण कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि स्काउट गाइड सीओ चंद्रशंकर श्रीवास्तव ने रेंजरिंग के उद्देश्य, विभिन्न सोपान, गतिविधियों जैसे कैंपिंग, एडवेंचर, कम्युनिटी डवलपमेंट, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां, कौशल विकास से अवगत कराया। सचिव पंकज दशोरा ने विभिन्न पुरस्कारों-राज्य-राष ट्रपति पुरस्कार, स्काउट गाइड के तीन चरणों के ध्येय वाक्य मुस्कुराते रहो, कोशिश करो, तैयार रहो की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कूकड़ा ने छात्राओं को रेंजर्स के रूप में महाविद्यालय में अपना योगदान देने एवं शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ममता शर्मा ने सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

संकाय सदस्य श्याम सुंदर पारीक ने स्काउट गाइड से संबंधित अपने अनुभव सुनाए। रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल ने धन्यवाद दिया। संचालन रिंकी गुप्ता ने किया। रेंजरिंग समिति सदस्य शंकर बाई मीणा, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सीएल महावर, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. लोकेश जसोरिया, रेखा मेहता, डॉ. ज्योति कुमारी, वर्षा सिखवाल, डॉ. अंजु चौहान उपस्थित थीं।

चित्तौड़गढ़. आमुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित छात्राएं।

# रेंजरिंग आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**चित्तौडग़ढ़** . राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, चित्तौडग़ढ़ में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा की अध्यक्षता में रेंजरिंग समिति के तत्वावधान में आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट गाइड सर्कल ऑर्गेनाइजर चंद्रशंकर श्रीवास्तव ने छात्राओं को रेंजरिंग के उद्देश्य, विभिन्न सोपान, रेंजरिंग की गतिविधियों जैसे कैंपिंग, एडवेंचर, कम्यूनिटी डवलपमेंट, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां, कौशल विकास आदि से अवगत कराया। स्काउट गाइड सचिव पंकज दशोरा ने छात्राओं को रेंजरिंग में मिलने वाले विभिन्न पुरस्कारों - राज्य/ राष्ट्रपति पुरस्कार, स्काउट गाइड के तीन चरणों के ध्येय वाक्य मुस्कुराते रहो, कोशिश करो, तैयार रहे के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कूकड़ा ने छात्राओं को रेंजर्स के रूप में महाविद्यालय में अपना योगदान देने एवं अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ममता शर्मा ने छात्राओं को रेंजर्स के रूप में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। संकाय सदस्य श्याम सुंदर पारीक ने स्काउट गाइड से संबंधित अपने अनुभव छात्राओं से साझा किया। रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन रिंकी गुप्ता ने किया। इस मौके पर रेंजरिंग समिति सदस्य शंकर बाई मीणा सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सी. एल. महावर, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. लोकेश जसोरिया, रेखा मेहता, डॉ. ज्योति कुमारी, वर्षा सिखवाल, डॉ. अंजु चौहान उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में हुआ रेंजरिंग आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**सीधा सवाल। चित्तौड़गढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा की अध्यक्षता में रेंजरिंग समिति के तत्वाधान में आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट गाइड सर्कल ऑर्गेनाइजर चंद्रशंकर श्रीवास्तव ने छात्राओं को रेंजरिंग के उद्देश्य, विभिन्न सोपान, रेंजरिंग की गतिविधियां जैसे कैंपिंग, एडवेंचर, कम्युनिटी डवलपमेंट, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियां, कौशल विकास आदि से अवगत कराया। स्काउट गाइड सचिव पंकज दशोरा ने छात्राओं को रेंजरिंग में मिलने वाले विभिन्न पुरस्कारों - राज्य/ राष्ट्रपति पुरस्कार, स्काउट गाइड के तीन चरणों के ध्येय वाक्य मुस्कुराते रहो, कोशिश करो, तैयार रहे के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा ने छात्राओं को रेंजर्स के रूप में महाविद्यालय में अपना योगदान देने एवं अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ममता शर्मा ने छात्राओं को रेंजर्स के रूप में अपनी सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। संकाय सदस्य श्याम सुंदर पारीक ने स्काउट गाइड से संबंधित अपने अनुभव छात्राओं से साझा किया। रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन रिंकी गुप्ता ने किया। रेंजरिंग समिति सदस्य शंकर बाई मीणा सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सी एल महावर, डॉ. शशि शर्मा, डॉ लोकेश जसोरिया, रेखा मेहता, डॉ. ज्योति कुमारी, वर्षा सिखवाल, डॉ. अंजु चौहान उपस्थित रहे।

**06/12/2023** से **10/12/2023** तक जिला स्तरीय निपुण रोवर / रेंजर प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की छः छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया ।

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने लिया निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में भाग



**सीधा सवाल । चित्तौड़गढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़ के प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में महाविद्यालय की रेंजरिंग इकाई की 6 छात्राओं ने निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल ने बताया कि महाविद्यालय की छात्रा किरण शर्मा, ऐजान बी, साहिबा कुरैशी, सुमन तेली, पायल ढोली, पल्लवी साहू ने 6 से 10 दिसंबर तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ में आयोजित कैंप में प्रशिक्षण लिया , जिसके अंतर्गत छात्राओं ने टोली में रहना, आपातकालीन स्थितियों में बचाव व राहत कार्य, समाज सेवा, समय का उचित प्रबंधन आदि कार्य सीखे। शिविर के दौरान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय में शनिवार शाम को आयोजित कैंप फायर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा ने एवं महाविद्यालय से रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल, समिति सदस्य शंकर बाई मीणा, रिंकी गुप्ता ने उपस्थित होकर समस्त रोवर्स और रेंजर्स का उत्साह वर्धन किया। कैंप फायर में महाविद्यालय की रेंजर पायल ढोली ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।

## छात्राओं ने निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया

**चित्तौड़गढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में महाविद्यालय की रेंजरिंग इकाई की छह छात्राओं ने निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल ने बताया कि किरण शर्मा, ऐजान बी, साहिबा कुरैशी, सुमन तेली, पायल ढोली, पल्लवी साहू ने 6 से 10 दिसंबर तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय में आयोजित कैंप में प्रशिक्षण लिया। इसके तहत छात्राओं ने टोली में रहना, आपातकालीन स्थितियों में बचाव व राहत कार्य, समाज सेवा, समय का उचित प्रबंधन कार्य सीखे। स्काउट गाइड जिला मुख्यालय में हुए कैंप फायर में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. कूकड़ा, रेंजरिंग प्रभारी कुदाल, समिति सदस्य शंकर मीणा, रिंकी गुप्ता ने रोवर्स और रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया। कैंप फायर में रेंजर पायल ढोली ने नृत्य प्रस्तुत किया।



**12/12/2023**: NSS व रेंजरिंग के संयुक्त तत्वावधान में माय भारत पोर्टल की जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया ।



चित्तौड़गढ़ भास्कर - 13/12/23

## माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया

चित्तौड़गढ़ | राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजरिंग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीएल महावर की अध्यक्षता में माय भारत पोटर्ल पर पंजीकरण करवाने के लिए विशेष शिविर हुआ। डॉ. महावर ने छात्राओं को इस पोर्टल पर अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया। रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी वर्षा सिखवाल ने पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लाभ, उद्देश्य एवं पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया। छात्राओं का पंजीकरण भी किया। रेंजरिंग प्रभारी जयश्री कुदाल ने इस पोर्टल पर लॉग इन करने का तरीक़ा बताया। डॉ. ममता शर्मा, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. लोकेश जसोरिया, डॉ. ज्योति कुमारी, श्याम सुंदर पारीक, रिंकी गुप्ता, शंकर बाई मीणा उपस्थित रहे।

**02/03/2024: रेंजरिंग व NSS के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति हेतु शपथ का आयोजन किया गया**



राज. पत्रिका 03/03/2024

## लगाए पोस्टर, ली नशा मुक्ति की शपथ



चित्तौड़गढ़ के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

**चित्तौड़गढ़.** राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में प्राचार्य गौतम कुमार कूकड़ा की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना व रेंजरिंग के संयुक्त तत्वावधान में ई-शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रभारी जसप्रीत कौर ने बताया कि समस्त संकाय सदस्य व छात्राओं ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया, जिसमें उन्होंने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वेबसाइट पर जिंदगी को हां कहे व नशे को ना संकल्प लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। साथ ही नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने में सहयोग और इससे दूर रह कर स्वस्थ जीवन जीने के लिए खुद को प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता संबंधित पोस्टर व बैनर लगाए गए।